# वेदांता लिमिटेड ने तीसरी तिमाही में दर्ज किए रिकॉर्ड तोड़ आंकड़े



**भास्कर समाचार सेवा**

मुंबई। वेदांता लिमिटेड BSE: 500295 & NSE: VEDL ने आज 31 दिसम्बर 2025 को समाप्त होने वाली तीसरी तिमाही एवं नौ महीनों की अवधि के लिए अपने अलेखापरीक्षित समेकित परिणामों की घोषणा की। कर के बाद मुनाफा 60 फीसदी सालाना बढ़कर ₹7,807 करोड़ तक पहुंच गया। कंपनी ने रिकॉर्ड स्तर का तिमाही एबिट्डा ₹15,171 करोड़ दर्ज किया, जो सालाना आधार पर 34 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। यह प्रदर्शन मार्जिन में 629 बेसिस पॉइंट्स के विस्तार के परिणामस्वरूप मार्जिन 41 प्रतिशत तक पहुँचने से समर्थित रहा। कंपनी ने अब तक का अधिकतम त्रैमासिक राजस्व ₹45,899 करोड़ दर्ज किया, जिसमें 19 फीसदी सालाना की बढ़ोतरी हुई है। अरुण मिश्रा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, वेदांता लिमिटेड ने कहा वित्तीय वर्ष 26 की तीसरी तिमाही वेदांता के लिए बेहतरीन रही है, कंपनी ने अब तक का अधिकतम ₹15,171 करोड़ का एबिट्डा दर्ज किया, और हमारे दो व्यवसायों ने अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ वित्तीय परिणाम हासिल किए।